हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 16 जनवरी 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



2 तमिलनाडु पुलिस ने जीता मैच




## तेज रफ्तार बस पेड़ से टकराई, 12 घायल, चालक फरार

# सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को तेज रफ्तार बस ने रौंदा, मौत



दुर्घटनाग्रस्त बस।



अस्पताल में घायल लोग।



घटना के बाद मची अफरा-तफरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

बीती रात्रि तीर्थयात्रियों को लेकर अमरकंटक से जनकपुर होते हुए माड़ीसरई जा रही तेज रफ्तार यात्री बस जनकपुर के मनेन्द्रगढ़ तिराहा में हादसे का शिकार हो गई। तेज रफ्तार बस सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को रौंदते हुए पेड़ से टकरा गई। हादसे में तीन की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान बस में सवार यात्रियों में लगभग दर्जनभर लोगों को चोटें आई है।

- तीर्थयात्रियों को लेकर अमरकंटक से माड़ीसरई जा रही थी बस

वहीं घटना के बाद बस ड्राइवर नानदाऊ तीर्थयात्रियों को छोड़कर मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पक्षीराज कंपनी की बस क्रमांक एमपी 18 पी 0406 एमसीबी जिले के जनकपुर के माड़ीसरई एवं देवगढ़ से तीर्थ यात्रियों को लेकर अमरकंटक गई थी। देर शाम करीब 8 बजे तीर्थयात्रियों को लेकर वापस लौट रही तेज रफ्तार बस मनेन्द्रगढ़ तिराहा में मोड़ पर पहुंची ही थी कि इसी दौरान ढलान में ड्राइवर बस को काबू नहीं कर पाया और दुकान के पास खड़े तीन लोगों को अपने चपेट में लिया। घटना में हादसे का शिकार हुए तीनों लोगों में अंडा दुकान संचालक मोहम्मद सलीम उम्र 65 वर्ष, जोहान दास उम्र 25 वर्ष, प्रहलाद पनिका उम्र 35 वर्ष का शरीर क्षप्त-विक्षप्त हो गया और तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। जोहान दास का शव क्षप्त-विक्षप्त हो गया। हादसे की सूचना पर जनकपुर एसडीएम मूलचंद चोपड़ा राजस्व अमला के साथ एवं थाना प्रभारी जनकपुर ओम प्रकाश दुबे पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और बस सवार तीर्थ यात्रियों को एम्बुलेंस की सहयता से अस्पताल पहुंचाया।

### घटना से सहमे यात्री

बस के अनियंत्रित होने एवं पेड़ से टकराने से बस सवार यात्रियों को चोटें आई, इनमें करीब एक दर्जन तीर्थयात्रियों को ज्यादा चोट आई है। वहीं कुछ को हल्की चोट भी लगी है। सभी का जनकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक इलाज किया गया, वहीं घटना से यात्री सहम गए तथा घटना के बाद बस ड्राइवर मौके से फरार हो जाने पर तीर्थ यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। वहीं घटना की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया और सभी घटना स्थल पहुंचने लगे। वहीं प्रत्यक्षदर्शी भी हादसे को देखकर सहम गए थे और देखते ही देखते बस के चपेट आ जाने से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बस का चालक बस छोड़कर फरार हो गया।

### ये हुए ज्यादा घायल

बस में सवार चंद्रप्रकाश यादव, संतोषी सेन, गुड्डी सिंह, हसीना सिंह, वीरन सिंह, सुशीला सिंह, श्रीमती सरोज तिवारी एवं विनोद तिवारी को ज्यादा चोटे आई है, वहीं अन्य सवारियों को भी चोटे लगी है, सभी घायल सवार तीर्थयात्री खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।



## ठंडी हवाओं से मौसम में बढ़ी कंपकंपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

हिमालय क्षेत्र से आ रही ठंडी और शुष्क हवाएं वर्तमान में लगातार चल रही है, इसके कारण तेज ठंड का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव के कारण आगामी कुछ दिनों तक दिन व रात के तापमान में कोई विशेष बदलाव होने की संभावना नहीं है, लेकिन इस समय उत्तर से चल रही ठंडी हवाओं के साथ शुष्क हवाओं के चलते कंपकंपी वाली ठंड का असर हो रहा है, इसके कारण सुबह व शाम ढलने के बाद लगातार ठंड पड़ रही है।

- दोपहर में तेज धूप से मिलती है थोड़ी राहत

उत्तरी ठंडी हवाओं के चलते वर्तमान में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया है। यही कारण है कि शाम ढलने के बाद ठंड का असर सबसे अधिक हो रहा है, जबकि मकर सक्रांति का पर्व भी बीत गया है, लेकिन ठंड का असर कम नहीं हुआ है। अब सूर्य के उत्तरायण हो जाने के बाद धीरे-धीरे दिन के समय लगातार खिल रही धूप के कारण दिन में सूरज की तपिश अब बढ़ने लगेगी, हालांकि अब तक जिस तरह से ठंड का असर हो रहा है, उसके कारण सुबह के समय लोगों को धूप का आनंद लेते देखा जा रहा है,वहीं दोपहर के समय अब धूप तीखी होने लगी है। दोपहर के समय अधिक समय तक धूप में खड़े रहने से शरीर को धूप चूभने लगी है।

इस तरह आगामी कुछ दिनों तक उत्तरी क्षेत्र से आ रही ठंडी हवाओं के चलते कंपकंपी भरी ठंड का असर बना रहेगा, लेकिन अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में कोई विशेष अंतर आने की संभावना नहीं है।

### ठंडी हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

वर्तमान में कुछ दिनों से आसमान पूरी तरह से साफ है, जिसके कारण लगातार धूप खिल रही है, लेकिन इस दौरान उत्तर क्षेत्र से आ रही ठंडी हवाओं के चलने के कारण ठिठुरन बढ़ गई है, इसके कारण लोगों को कंपकंपी ठंड का असर सुबह-शाम हो रहा है। वर्तमान में शाम ढलने के बाद ठंडी हवाओं के कारण लोगों को परेशान कर रही है। जिले के मैदानी व पठारी क्षेत्रों के लोग ठंड से ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं, इसके चलते सुबह-शाम अलाव का सहारा लिया जा रहा है।

### आज पूर्व के समय में संचालित होंगे विद्यालय

बीते माह दिसंबर में शीतकालीन अवकाश शुरू होने के पूर्व ही कलेक्टर ने जिले में बढ़ते ठंड के प्रभाव को देखते हुए विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया था, इसके तहत जिले के विद्यालय जो एक पाली में संचालित होने वाले विद्यालय 10.30 बजे से अपरान्ह 3.30 बजे तक संचालित करने के आदेश जारी किए गए थे, जो 15 जनवरी तक के लिए प्रभावशील रहा। इस तरह 16 जनवरी से जिले के सभी विद्यालय एक पाली में संचालित होने वाले पूर्व समय के अनुसार प्रातः 9.45 से शुरू होकर अपरान्ह 4 बजे तक संचालित किया जाएगा। हालांकि ठंड का असर अभी कम नहीं हुआ है।

## खबर संक्षेप

### जिले में ग्राम सभा का आयोजन 23 को

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने छग पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6 (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में 23 जनवरी को ग्राम सभा आयोजित करने का आदेश दिया है। उन्होंने पंचायती राज अधिनियम की धारा के तहत गणपूर्ति के साथ-साथ ग्राम सभा की सदस्यों की शत-प्रतिशत उपस्थिति का दायित्व सरपंच, पंच एवं सचिव का होगा।

### चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए दावा आपत्ति 31 तक

**बैकुण्ठपुर।** जिला आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि विभाग में चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। उक्त पदों में से औषधालय सेवक, वार्ड बॉय, रसोइया, किचन सर्वेंट तथा मसाजर के पद के लिए चयन प्रावीण्यता के आधार पर किया जाना है, जिसकी पात्र-अपात्र अभ्यार्थियों की सूची जारी कर दिया गया है। जिसका विस्तृत विवरण जिले वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं अथवा कार्यालयीन समय में सूचना पटल पर देखी जा सकता है। अपात्र अभ्यर्थी अपना दावा आपत्ति 31 जनवरी तक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, इसके पश्चात दावा आपत्ति मान्य नहीं किया जाएगा।

### नगर कीर्तन का पुष्पवर्षा कर स्वागत

**मनेन्द्रगढ़।** शहर में गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव को लेकर प्रातः प्रभातफेरी होती है और 13 जनवरी को सिक्ख धर्म के सभी अनुयायियों ने नगर कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया। प्रतिवर्ष की तरह शहर की चर्चित व समाज सेवी संस्था प्रबल स्त्री फाउंडेशन ने भव्य रुप से शहर के हृदय स्थल गांधी चौक में पंच प्यारो के चरण पखार कर व पुष्प



वर्षा के माध्यम से स्वागत किया। संस्था की अध्यक्ष डॉ. रश्मि सोनकर ने कहा कि हम सबका परम सौभाग्य है कि इस वर्ष भी हमें अवसर मिला कि हम सभी महिलाओं ने मिलकर स्वागत किया, ऐसे सामाजिक आयोजन से परस्पर आपसी भाईचारा व स्नेह की भावना बढ़ती है। अध्यक्ष ने बताया कि सिक्ख धर्म के सेवाभाव से वे व्यक्तिगत रुप से प्रभावित हैं। देश की रक्षा व धर्म की रक्षा में आज भी सबसे आगे सिक्ख समाज ही रहा है, जहां बचपन से बच्चों को सेवाभाव की बीज बोया जाता है। युवाओं व बच्चों के द्वारा उनकी युद्ध कौशल की कला गतका का प्रदर्शन ने लोगों का ध्यानाकर्षण किया।

### युवा किसान दीपक हुए सम्मानित

**बैकुण्ठपुर।** छग युवा प्रगतिशील किसान संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिले की युवा किसान को सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में सरगुजा संभाग से कोरिया जिला के ग्राम पंचायत नगर के युवा किसान दीपक शर्मा को स्मृति चिन्ह प्रदान



कर सम्मानित किया गया। इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि मंत्री राम विचार नेताम, वित्त मंत्री छग शासन ओपी चौधरी, विधायक अहिरवार,कृषि उत्पादन आयुक्त सहला निगार, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति, महात्मा गांधी उद्यानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति, संचालन उद्यानिकी, कमिश्नर दुर्ग संभाग, कलेक्टर दुर्ग सहित प्रदेशभर से पधारे किसान उपस्थित रहे।

## प्रीमियम लीग क्रिकेट में तरगवां विजयी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बीते 6 जनवरी से जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम तरगवां में चल रहे तरगवां प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 का फाइनल मुकाबला 14 जनवरी को काचरडॉड़ विरूद्ध तरगवां के बीच खेला गया। इसमें तरगवां की टीम ने जीत दर्ज कर प्रतियोगिता अपने नाम कर लिया।



क्रिकेट प्रतियोगिता का आनंद लेते अतिथि।

जानकारी के अनुसार तरगवां के हाईस्कूल मैदान में बीते 6 जनवरी से चल रहे तरगवां प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 14 जनवरी को खेला गया। फाइनल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष अनिल साहू, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष विपिन बिहारी जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल जायसवाल, राजाराम साहू, रमाशंकर जायसवाल, मोहेलाल सिंह, रामाधन देवांगन रहे। तरगवां प्रीमियम लीग का फाइनल मुकाबला तरगवां व काचरडॉड़ के मध्य खेला गया। इसमें पहले बैटिंग करने के लिए तरगवां की टीम मैदान में उतरी और निर्धारित 12 ओव्हर में 6 विकेट खोकर कुल 180 रन बनाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी काचरडॉड़ की टीम ने 9-3 ओव्हर में 10 विकेट खोकर 65 रन पर ही सिमट गई। ⏭ शेष पेज 2 पर

### मिक्चर मशीन लोड ट्रक ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर

**अम्बिकापुर।** मिक्चर मशीन लोड ट्रक के चालक ने ईंट लोड ट्रैक्टर को टक्कर मार दिया। ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे पलट गया जबकि ट्रक भी उस ट्रैक्टर के ऊपर पलट गया। इस घटना में ट्रैक्टर टुकड़ों में बंट गया है। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक व अन्य ग्रामीणों को चोट आई है जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रैक्टर चालक बहादुर, मजदूर रंजन, राम साय व हीरासाय के साथ ईंट लोडकर बेलढाब से बासेन की ओर जा रहा था। इस दौरान बासेन पुलिया के समीप पीछे से आ रहे मिक्चर मशीन ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और ट्रैक्टर पुलिया से नीचे गिर गया जबकि टक्कर के बाद ट्रक भी पुलिया से नीचे पलट गया।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नेहरू युवा केन्द्र बैकुंठपुर में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं यातायात विभाग की संयुक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया।



बाइक रैली को हरीझंडी दिखाकर रवाना करते कलेक्टर

कार्यक्रम में कलेक्टर विनय कुमार लहंगे, एसपी त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर, जिला युवा अधिकारी पवन कुमार ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नेहरू युवा केन्द्र द्वारा 11 से 17 जनवरी तक राष्टीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा, इसके अंतर्गत बाइक रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। बाइक रैली मिनी स्टेडियम रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड से होते हुए घड़ी चौक, बस स्टैंड, बस चौक होते हुए मिनी स्टेडियम ग्राउंड में समापन किया गया। जिला युवा अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने एवं अन्य यातायात नियमों के प्रचार तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम होंगे। दुपहिया वाहन रैली तथा व्यापक प्रचार-प्रसार के अन्य कार्यक्रम होंगे। एक सप्ताह तक चलने वाले इस अभियान में हेलमेट लगाने, सीट ⏭ शेष पेज 2 पर

## संयुक्त टीम ने जीती संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता



शील्ड के साथ खिलाड़ी।

**बैकुण्ठपुर।** अंबिकापुर के नगर सेना क्रिकेट ग्राउंड में संचालित संभाग स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को कोरिया एवं सूरजपुर की संयुक्त टीम व जशपुर एवं बलरामपुर की संयुक्त टीम के मध्य खेला गया। इसमें कोरिया एवं सूरजपुर की संयुक्त टीम 38 रनों से विजेता रही।

प्रतियोगिता के पहले लीग मैच में कोरिया की टीम ने एसडीआरएफ अंबिकापुर एवं दूसरे लीग मैच में जशपुर की टीम को हराकर दूसरे चरण में प्रवेश किया, जहां 3 जोन में विभाजित टीमें साउथ जोन में कोरिया एवं सूरजपुर, मध्य जोन में अंबिकापुर एवं एसडीआरएफ नार्थ जोन में जशपुर एवं बलरामपुर की संयुक्त टीमों के बीच मुकाबला हुआ। संयुक्त टीमों के बीच हुए मुकाबले में कोरिया एवं सूरजपुर की संयुक्त टीम ने अपना पहला मुकाबला 13 जनवरी को जशपुर एवं बलरामपुर की टीम से एवं दूसरा मुकाबला 14 जनवरी को अंबिकापुर एवं एसडीआरएफ की टीम से जीता एवं 14 जनवरी को ही खेले गए फाइनल मुकाबले में जशपुर एवं बलरामपुर की संयुक्त टीम को हराकर विजेता का शील्ड अपने नाम किया।

गौरतलब है कि संभागीय सेनानी नगर सेना, एसडीआरएफ, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं सरगुजा संभाग राजेश पाण्डेय के पहल पर शानदार विभागीय खेलकूद गतिविधियों का संचालन हो रहा है, इससे जवान स्वस्थ एवं फिट व तंदुरुस्त रहते हैं। प्रतियोगिता के दौरान एसडीआरएफ सरगुजा टीम के कप्तान संभागीय सेनानी राजेश पाण्डेय, सूरजपुर टीम के कप्तान जिला सेनानी संजय गुप्ता, बलरामपुर टीम के कप्तान जिला सेनानी शिव कुमार कठौतिया, जशपुर टीम के कप्तान सहायक उप निरीक्षक एम सोनपाकर एवं कोरिया टीम के कप्तान लांस नायक महेश मिश्रा के साथ खिलाड़ी व दर्शक उपस्थित रहे।

### जिले में 27.83 लाख रुपए का धान जब्त

**सूरजपुर।** जिले में धान खरीदी के साथ ही बिचौलियों व अफरा तफरी करने वाले राइस मिलर पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। प्रशासनिक टीम द्वारा पुनः कार्रवाई करते हुए 1274 क्विंटल धान जब्त किया है जिसकी कीमत 27.83 लाख रुपए आंकी गई है। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा शनिवार शाम तक मंडी अधिनियम के तहत 1274 क्विंटल धान की जब्ती की गयी है। इस कार्रवाई से धान की अवैध खरीदी बिक्री करने वाले कोचिये व बिचौलियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## नशीली दवाओं के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के पटना थाना क्षेत्र में नशीली दवाइयां की बड़ी मात्रा के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार पटना थाना पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम सोरगा हर्रापारा निवासी सोनू कुशवाहा अपने किराना दुकान में नशीली दवा का इंजेक्शन रखा हुआ है। सूचना की जांच करने पुलिस टीम थाने से रवाना हुई। छानबीन और जांच के



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

दौरान पुलिस को आरोपी के पास से 25 नग 2 एमएल वाला बूप्रेनारफिन का इंजेक्शन, 25 नग 10 एमएल वाला एविल का वायल मिला। जिसकी अनुमानित कीमत 12,500 रूपए को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## मंत्री जायसवाल ने उड़ाई पतंग, मकर संक्रांति पर विविध आयोजन

# पतंग महोत्सव लोगों को समाज में एकजुट रहने का देता है संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नगर पालिक निगम चिरमिरी में प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। अपनी विरासत को संजोने और सामाजिक एकजुटता का संदेश देने के लिए भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य एवं पतंग उत्सव समिति के अध्यक्ष अभय जायसवाल द्वारा प्रतिवर्ष इस पतंग महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ा बाजार के मैदान में आयोजित इस पतंग महोत्सव में काफी संख्या में बच्चों, युवाओं सहित महिलाओं ने हिस्सा लिया। यहां रंग-बिरंगे पतंग एक साथ आसमान में उड़ाए गए। पतंग महोत्सव का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया। महोत्सव में काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। समाज के वरिष्ठ नागरिकों ने भी युवाओं के साथ मिलकर पतंग उड़ाई।



पतंग उड़ाते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।



बच्चों को पतंग देते कार्यसमिति सदस्य।

प्रतिभागी नीलम राय ने बताया कि बचपन में वह खूब पतंग उड़ाया करती थी, लेकिन पिछले कुछ समय से पतंग उड़ाने का चलन कम हो गया है। इस पतंग महोत्सव की वजह से बचपन की यादें दोबारा ताजा हो गई। पतंग महोत्सव में पहुंचे कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि पिछले कई सालों से ⏭ शेष पेज 2 पर

### मोबाइल दुकान में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** गांधीनगर पुलिस ने मोबाइल दुकान में चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी का सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार फुंदुरडिहारी शांतिपारा निवासी विकास विश्वकर्मा की बनारस रोड में चठिरमा बैरियर के पास मोबाइल दुकान है। युवक 11 जनवरी की शाम दुकान बंद कर घर चला गया था और अगली सुबह जब वह दुकान पहुंचा तो दुकान के ऊपर का शीट टूटा हुआ था और मोबाइल समेत 15 हजार का सामान गायब था। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर जयनगर भोटकेला निवासी विनोद अगरिया से पूछताछ पर अपने साथी अजय अगरिया के साथ घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है।

## खबर संक्षेप



### छात्र लगातार अभ्यास से उत्कृष्ट परिणाम लाएं : साहू

**रामानुजनगर।** विकासखंड रामानुजनगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परशुरामपुर में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज साहू द्वारा सभी स्टाफ का बैठक ली। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी का आवश्यक टिप्स एवं तेजस्वी के अनुसार काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा यदि आवश्यक हो तो एक्स्ट्रा क्लास ले। श्री साहू ने 10 वीं एवं 12 वीं के छात्रो का मोटिवेशनल क्लास लेते हुए कहा कि सभी छात्र अपनी क्षमता को पहचाने और लगातार अभ्यास करें, आत्मविश्वास के साथ कठोर परिश्रम करें जिससे उत्कृष्ट परिणाम आएगा। उन्होंने ग्राम आमगांव के कुमारी आकांक्षा सिंह नेताम का उदाहरण दिया और बताया कि आकांक्षा आप जैसे ही छात्रों में एक रही, अपनी मेहनत के बल पर प्रथम प्रयास में सिविल जज का परीक्षा उत्तीर्ण कर सिविल जज बनी है।

### संकुल स्तरीय अंगना में शिक्षा प्रशिक्षण में शामिल हुए शिक्षक

**रामानुजनगर।** बीआरसी प्रशिक्षण कक्ष रामानुजनगर में संकुल केंद्र पिवरी कौशलपुर, छिंदिया के प्राथमिक शाला के शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षक शालाओं में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की माताओं को विद्यालय एवं शिक्षा से जोड़ने का कार्य करते हैं जिसके फलस्वरूप माताएं अपने बच्चों को घरों में उपलब्ध सामग्रियों एवं छोटे छोटे गतिविधियों के माध्यम से सीखने सिखाने की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करती है। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम की शुरुआत वैश्विक महामारी कोरोना के समय प्रारंभ हुई थी।

## पेज 1 का शेष

### प्रीमियम लीग क्रिकेट ...

इस तरह तरगवां प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबाला तरगवां की टीम अपने नाम कर ली। विजेता टीम को 21 हजार रूपए नगद तथा उप विजेता टीम को 11 हजार रूपए नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, इसके अलावा अन्य पुरस्कार भी प्रदान किए गए। पूरे प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। उक्त प्रतियोगिता में मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार तरगवां टीम के खिलाड़ी कुलदीप को दिया गया, वहीं मैन ऑफ दी सीरिज ग्राम कसरा टीम के खिलाड़ी रमा सिंह को दिया गया।

### सड़क सुरक्षा सप्ताह ...

बेल्ट बांधने, शराब पीकर वाहन न चलाने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस एवं बिना बीमा वाहन न चलाने जैसे नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। पखवाड़ा में 40 स्वयंसेवकों को यातायत से संबंधित कैप, टी-शर्ट वितरण किया गया। तथा सड़क सुरक्षा के नियमो की जानकारी व ट्रैनिंग बैकुंठपुर यातायात प्रभारी द्वारा दी गई। वहीं साइबर सुरक्षा के बारे में विधिवत जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र बैकुंठपुर कोरिया के एमटीएस राजीव साहू, राष्टीय युवा स्वयंसेवक हरिओम साहू, चंद्र केशवर त्रिदेव एवं युवा मंडल अध्यक्ष, सदस्य उपस्थित रहे।

### पतंग महोत्सव लोगों ...

बड़ा बाजार के इस मैदान में पतंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, यह सराहना योग्य है। बचपन में मैं भी खूब पतंग उड़ाया करता था। आज महोत्सव में पतंग उड़ा कर बचपन की याद आ गई। पतंग उड़ाने से व्यक्ति के अंदर आत्मविश्वास व नई सोच की भावना आती है। असल में पतंग उड़ाते समय दिल को खुश और दिमाग को एकदम बैलेंस रखना होता है, ताकि पतंग कटने से बच सके। ऐसे में समाज को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए व्यक्ति के अंदर नई सोच व प्रेरणा का संचार होता है। आयोजक अभय जायसवाल ने कहा कि पतंग महोत्सव लोगों को समाज में एकजुट रहने का संदेश देता है। यह इस प्रकार है कि जैसे आसमान में रंग-बिरंगी पतंग एक साथ उड़ रही है, वैसे ही समाज में अनेकता में एकता बनी रहे। पतंग उड़ाने से खुशी का अहसास होने के साथ यह हमें एकता, प्यार, आजादी का शुभ संदेश भी देती है। माना जाता है कि इस दिन से शुभ काम शुरू किए जाते हैं, ऐसे में सभी काम पतंग की तरह सुंदर, साफ और ऊंचाई को छुए इसकी कामना की जाती है। आयोजन में वरिष्ठ समाज सेवक प्रणव चक्रवर्ती, डमरू बेहरा, बजरंग दल के हरिशंकर काठे, दुर्गावाहिनी की हेमलता सिंह राजपूत, रामबाबू अग्रवाल, शशिधर जायसवाल, संस्कार केशरवानी, शुभम केसरवानी, लकेश,नीलम राय, आभा केशरवानी, हिमांशु, सौरभ, विष्णु साहू, बृजेश सिंह राजपूत सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय सेशन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता

# तमिलनाडु पुलिस ने जीता मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



मैच के दौरान फुटबाल खेलते खिलाड़ी।

कोयलांचल क्षेत्र में 48 वां अखिल भारतीय सेशन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता में न्यू स्पोटिंग क्लब चरचा वर्सेज तमिलनाडु पुलिस तमिलनाडु के मध्य खेला गया।

मंच में अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी गेवरा कल्याण सरकार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजीत लकड़ा, वरिष्ठ कार्मिक प्रबंधक बैकुंठपुर गौरव दुबे, कार्मिक प्रबंधक जीएल परिहार, हरेन्द्र तिवारी, हेमसागर यादव, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, लालबहादुर सिंह, पूर्व एल्डरमैन सत्यनारायण मोदी, मो.रियाज, संदीप कुमार, महेश कुमार यादव, अशोक सिंह, विनोद दुबे, जितेन्द्र श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। मैच प्रारंभ के पश्चात दोनों ही टीम मैदान में उतरी। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर राष्टगान के साथ मैच प्रारंभ किया। दोनों ही टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक-दूसरे के उपर भारी रहे। न्यू स्पोटिंग क्लब को बार-बार गोल करने का मौका मिला, लेकिन गोल करने में असफल रही। दूसरी ओर तमिलनाडु पुलिस टीम को एक सुनहरा अवसर गोल करने को मिला, तो मैच प्रारंभ के 35 मिनट के बाद तमिलनाडु टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 7 गणेश मोर्थी ने पहला गोल कर 1-0 से बढ़त बनाया। वहीं न्यू स्पोटिंग क्लब चरचा को गोल करने का मौका मिला, इसमें चरचा टीम गोल कर पाई,परंतु रेफरी द्वारा हाफ साइड देने की वजह से गोल का मान्यता नहीं दिया गया। मध्यांतर के पहले तक तमिलनाडु पुलिस टीम ने 1-0 की बढ़त बनाए रखा। इस मैच को देखने चरचा क्षेत्र के साथ -साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोग एवं जिले के खेल प्रेमी मैच देखने हजारों की संख्या में पहुंच रहे हैं। वहीं चरचा टीम एवं तमिलनाडु टीम की मैच में जीत हार को लेकर जमकर सट्टे भी लगाए गए। मैच निर्णायक विजय आनंद, सनातन अग्रवाल, विशाल प्रजापति, आशीष तिवारी, रेफरी विशाल प्रजापति, मैच कमिश्नर अनिल केचर चिरमिरी ने मैच कराया। मध्यांतर के बाद दोनों ही टीम मैदान में उतरी। दोनों ही टीमे खेल का अच्छा प्रदर्शन करते रहे। मध्यांतर के बाद न्यू स्पोटिंग क्लब चरचा गोल करने का प्रयास करते रही, परंतु तमिलनाडु टीम गोल करने का मौका नहीं दे रही थी। बावजूद उसके चरचा टीम शुरुआत से ही अच्छा खेल का प्रदर्शन कर रहा था, जब भी चरचा टीम को मौका मिला गोल करने का तो दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिला। जैसे-जैसे समय गुजरता गया, वैसे-वैसे मैच रोमांचक मोड़ पर चलता रहा। कई बार चरचा टीम को गोल करने का मौका, लेकिन टीम गोल नहीं कर पाई। इसी के साथ तमिलनाडु पुलिस ने 1-0 से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार तमिलनाडु टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 7 गणेश मोर्थी को पूर्व नपाध्यक्ष अजीत लकड़ा के हाथों दिया गया। इस प्रतियोगिता के अध्यक्ष सह क्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, संदीप कुमार, सचिव डॉ.अशोक बिराजी, सह सचिव एमएच खान, अशोक निर्मलकर, कोषाध्यक्ष मो.रियाज अहमद है। पूरे टूनामेंट को संभालने में विजय विश्वकर्मा, रोशन अब्दुल, सुनील बडला, मो. रफीक, पप्पू कुमार, सीताराम यादव सहित अन्य लोग शामिल रहे। मंगलवार को मैच 3 बजे डाउन टाउन हीरोज वर्सेज हैदराबाद आर्मी तेलंगाना के मध्य खेला जाएगा।



झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश देते स्वास्थ्य मंत्री।

# स्वास्थ्य मंत्री ने झाड़ू लगा दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

स्थानीय विधायक से कैबिनेट मंत्री बनने के बाद मंदिर पहुंचे स्वास्थ्य कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का जगन्नाथ सेवा संघ एवं उत्कल समाज द्वारा धार्मिक परंपराओं के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में प्रदेश के स्वास्थ्य कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश आमजन को दिया।

उन्होंने कहा कि चिरमिरी स्थित भगवान जगन्नाथ के मंदिर को पर्यटन से जोड़कर देश में स्थान दिलाने की पहल करेंगे ,वहीं पर स्वच्छता को महत्व देते हुए 14 से 22 जनवरी तक क्षेत्र के मंदिरों में स्वच्छता को अपनी अहम जिम्मेदारियों में शामिल करते हुए प्राथमिकता के आधार पर साफ -सफाई करवाने की बाते कही। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सोमवार 22 जनवरी के शुभ दिन प्रभु श्रीराम जी के बाल रूप नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भू-तल के गर्भगृह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा के इस अवसर को हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की गई और प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूर्वान्ह 11 से अपरा 1 बजे के मध्य अपने ग्राम, मोहल्ले, कॉलोनी में स्थित किसी मंदिर में आस-पड़ोस के राम भक्तों को एकत्रित करके भजन-कीर्तन करें, आरती करें और प्रसाद वितरण करें। मंदिर में स्थित देवी देवता का भजन-कीर्तन आरती-पूजन तथा श्रीराम जय राम जय जय राम का विजय मंत्र का 108 बार सामूहिक जाप करें। प्राण प्रतिष्ठा के दिन सायं काल सूर्यास्त के बाद अपने घर के सामने देवताओं की प्रसन्नता के लिए दीपक जलाने दीप मालिका सजाने की बाते कही। कार्यक्रम के दौरान जगननाथ सेवा संघ व उत्कल समाज द्वारा स्वास्थ्य कल्याण मंत्री छग शासन श्याम बिहारी जायसवाल का आत्मीय सम्मान किया, वहीं जगननाथ सेवा संघ पदाधिकारी द्वारा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को मंदिर विस्तार संबंधित आवश्यक जानकारियां देते हुए पर्यटक स्थल में शामिल कराने की बाते कही।

# रामानुज महाविद्यालय का रासेयो शिविर सलका में



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्टीय सेवा योजना महिला एवं पुरूष इकाई का विशेष सात दिवसीय शिविर का आयोजन डॉ. एसी गुप्ता प्राचार्य के संरक्षण, कार्यक्रम अधिकारी द्वय डॉ. श्रीमती प्रीति गुप्ता एवं अनुरंजन कुजूर के संयोजन में नशामुक्त समाज के लिए युवा थीम पर ग्राम सलका डाईट परिसर में किया गया है।

शिविर का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वंदना राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य, डॉ. एसी गुप्ता प्राचार्य के अध्यक्षता, सरंपच ग्राम पंचायत सलका श्रीमती सुनीता, उप सरपंच हितेश कुमार सिंह एवं प्राचार्य डाईट कोरिया एसएल सोनवानी के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। अतिथि स्वागत उपरांत स्वयंसेवक संगीता यादव, पूजा पंकज एवं तनुप्रिया के द्वारा रासेयो लक्ष्य गीत की प्रस्तुति दी गई। शिविर कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम अधिकारी अनुरंजन कुजूर ने शिविर दिनचर्या, शिविर परियोजना कार्य एवं बौद्धिक कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित होने वाले समस्त कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। छग की लोक संस्कृति को संरक्षित रखने के लिए लोकगीत एवं लोकनृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। विशिष्ट अतिथि उप सरपंच हितेश कुमार सिंह ने रासेयो शिविर के लिए ग्राम सलका का चयन करने पर महाविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया एवं शिविर के दौरान शिविरार्थियों को ग्राम पंचायत से पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्राचार्य डॉ.एसी गुप्ता ने शिविरार्थियों को बधाई दी और कहा कि इन सात दिनों में कुछ ऐसे काम करके एवं कार्यक्रम आयोजित कर जाईएगा जिससे की ग्राम सलका वाले आगामी वर्ष में शिविर आयोजन के लिए आपकों पुनः आमंत्रित करें। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठक प्रो. एमसी हिमधर ने किया। शिविर में सहायक कार्यक्रम अधिकारी के रूप में नीतू खत्री, सृष्टि, शंभू प्रसाद रैदास, राधेश्याम पटेल अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इससे पूर्व शिविरार्थियों का पंजीयन कर व्यवस्थित शिविर संचालन के लिए स्वयंसेवकों को 6 दल-हसदों, इंद्रावती, महानदी, शिवनाथ, सबरी एवं अरपा दलों में बांटा गया है। इसके दल नेता अनुज साहू, विनोद कुमार, रीना चौहान, शशि पोर्ते, संगीता यादव एवं दुर्गा राजवाड़े बनाएं गए। वहीं सर्वसम्मति से आकाश कुमार सिंह को शिविर नायक, कुमारी तनुप्रिया यादव को शिविर नायिका चुना गया, उनके सहयोग के लिए उप नायक के रूप में मनोज कुमार एवं उप नायिका के रूप में पूजा पंकज को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, समस्त स्टॉफ सहित ग्रामीणजन एवं शिविरार्थी उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता के विजेता को पुरस्कृत करते अतिथि।

# विवेकानंद जयंती मनी

**नागपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागपुर में राष्टीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं छात्राओं द्वारा युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य एवं स्टाफ के द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। साथ ही स्वामी जी के व्यक्तित्व पर भाषण तथा पोस्टर प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के प्राचार्य गिरीश कुमार कुरचनिया ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत के आध्यात्मिक गुरु एवं करोड़ों युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद है उनके ऊर्जा से भरे हुए ओजस्वी विचार एवं संदेश हमेशा से युवाओं को कुछ कर गुजरने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। संस्था के व्याख्याता जितेन्द्र सोनी एवं शिक्षिका शाहीन इराकी ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में संस्था के सभी व्याख्याता एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# किसानों ने ड्रोन से देखा दवा का छिड़काव



ड्रोन से किया गया दवा का छिड़काव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हितग्राहियों तक सीधे पहुंचाने के लिए छग में 16 दिसंबर से अनवरत चालू है। इसी कड़ी में 14 जनवरी को विकासखंड़ भरतपुर के दूरस्थ अंचल मध्यप्रदेश बार्डर से लगा हुआ ग्राम पंचायत मट्टा में 14 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ वैन पहुंचा।

■ विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से योजनाओं की दी जा रही जानकारी

इसमें विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिए वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, इसके परिणाम स्वरूप कार्यक्रम में बड़े स्तर पर भीड़ जमा हो रही है। इसके अंतर्गत जिले में चिन्हित किए गए स्थानों में प्रशासनिक अमला शिविर स्थल में आए आमजन को शासन की अनेक योजनाओं से जोड़ने तथा उससे उनको लाभ दिलाने में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए आमजन को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। शिविरों में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। इस दौरान शिविर में ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच सहित ईशा खान अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष, कृष्ण प्रताप किसान मोर्चा महामंत्री उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों को इन्होंने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट बनाने की शपथ दिलाई।

# जागरुकता लाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा



शिविर के दौरान संकल्प लेते जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेंद्रगढ़

भारत शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ एवं भारत सरकार के फ्लेगशिप स्कीम के प्रचार-प्रसार तथा योजनाओं के कवरेज को बढ़ावा देने एवं हितग्राहियों में जागरुकता लाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। हमारा प्रयास की अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे।

उक्त बातें सामुदायिक भवन मनेन्द्रगढ़ में आयोजित कैम्प के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कही। सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों ने छग महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया। उपस्थित अतिथियों का स्वागत मुख्य नगर पालिका अधिकारी इशहाक खान ने किया। इस अवसर पर मंच पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अभिलाषा पैकरा, नपाध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी, लखनलाल श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी, नेता प्रतिपक्ष सरजू यादव, राहुल सिंह, वीरेन्द सिंह राणा, आलोक जायसवाल, धर्मेन्द्र पटवा, विवेक अग्रवाल, महेन्द्र प्रताप सिंह, पार्षद दायशंकर यादव, नागेन्द्र जायसवाल,अनिल प्रजापति, जमील शाह, आदित्य राज डेविड, सुनैना विश्वकर्मा, रूबी पासी, गंभीर सिंह, मो. मोबिन समेत विभिन्न वार्डो के पार्षद व गणमान्य जन मौजूद रहे। इसके पहले स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने नदी पार स्थित श्री हनुमान मंदिर में साफ-सफाई की। श्री जायसवाल हसदेव गंगा तट स्थित पंच मुखी हनुमान मंदिर पहुंचे, यहां कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने मंदिर परिसर की साफ-सफाई की, इसके साथ ही उन्होंने सूर्यदेव की आरती कर प्रदेश के सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। दोपहर लगभग 2 बजे स्वास्थ्य मंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सांस्कृतिक भवन विवेकानंद कालेज के सामने वार्ड नंबर 15 मनेन्द्रगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद् इशहाक खान के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मंच संचालन विरंगना श्रीवास्तव ने किया। आयोजन में तहसीलदार नीरज कांत तिवारी, पवन साहू, सुचि पांडे, प्रेम प्रकाश दुबे, बलिराम कुर्रे, मो. अमजद, जनप्रतिनिधि एवं काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प शिविर में शामिल हुए विधायक

**सीतापुर।** शनिवार को शनिवार को जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बमलाया आमाटोली भंवराडांड में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक रामकुमार टोप्पो शामिल हुए। विधायक ने उपस्थित नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता के लिए बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रहे। जिसके तहत प्रधानमंत्री आवास योजना उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, विश्वकर्मा योजना, जनधन योजना, आयुष्मान कार्ड योजना समेत कई योजनाएं है।

# लोहड़ी और मकर संक्रांति पर आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेंद्रगढ़



आयोजन में शामिल बच्चे।

शहर के नंबर वन प्ले स्कूल बचपन स्कूल बचपन प्ले स्कूल में बहुत ही धूमधाम से लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन अध्यापिका शिल्पी सिन्हा द्वारा किया गया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को मकर संक्रांति दिवस की जानकारी दी। तथा मकर संक्रांति का हिंदू धर्म में बहुत ज्यादा महत्व है।

इस दिन सूर्य देव की पूजा का विधान तथा गंगा स्नान व दान का भी महत्व है, इस बारे में विस्तार से समझाया। इस पर्व के पावन अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे वस्त्र धारण किए हुए थे। बच्चों में विभिन्न प्रकार की मिठाइयों का वितरण किया गया। पतंगे एवं रंगोली बनाकर श्रद्धा भाव एवं हर्षोल्लास के साथ मकर संक्रांति का त्यौहार मनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान संस्था के डायरेक्टर्स श्रीमती ज्योति ताम्रकार, आशी कक्कड़ एवं तोशी अग्रवाल मौजूद रहे। जिन्होंने सभी बच्चों को मकर संक्रांति एवं लोहड़ी की ढेर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की काउंसलर श्रीमती सोनाली दास, साधना सिंह, पुष्पा सिंह, नंदिनी साहू, आकांक्षा पांडे, नेहा मिश्रा, राशि गुप्ता, आरिका खान, प्रियंका सिंह, प्रिया, सबा परवीन, वैष्णवी जायसवाल, रश्मि प्रसाद आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### रोमांचक मुकाबला में मूंड़गांव सलका की टीम ने मारी बाजी

**उदयपुर।** विकासखंड उदयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत झिरमित्ती में फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया जिसमें रोमांचक मुकाबले में मुंडगांव सलका की टीम ने बाजी मारी। फाइनल का मुकाबला मुड़गांव और शिवपुर के मध्य खेला गया जिसमें अंतिम क्षणों में मुड़गांव की टीम एक गोल मारकर विजयी रहा।

BHARTI VISHWAVIDYALAYA
Established under C.G. Private University (Establishment and Operation) Act, 2005
recognized u/s 2(f) UGC Act 1956
Email : registrar@bhartiuniversity.org , bhartiuniversity.in@gmail.com
Applications are invited for the position of
VICE-CHANCELLOR
A distinguished academician, with experience as a professor in a reputed organization and proof of demonstrated academic leadership.
Professor, Associate Professor, Asst. Professor
Applications are invited for the following departments:- Pharmacy, ME, CSE, CE, EE, ET&T, Commerce, Mgnt, Hotel Mgt, Education, Chemistry, Physics, Botany, Sanskrit, Zoology, Forensic Science, Sociology, Microbiology, Law, Maths, Biotech, History, Economics, Geography, Hindi, English, Psychology, Political Sc, Computer Science & IT, Library, Journalism & Mass Comm. and Non Teaching Staff on Regular and Adhoc Basis.
Interested candidates may send their resume with all testimonials within 10 days to bhartiuniversity.in@gmail.com
Eligibility & pay scale : As per UGC/ Statutory norms.
Registrar
Website : www.bhartiuniversity.org

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

15 JAN Coriya Bhoomi pg 3_Layout 1 1/15/2024 10:10 PM Page 1





# निगेटिव किरदार में नजर आएंगे रितेश...

**मुंबई।** अजय देवगन स्टारर फिल्म 'रेड 2' में एक्टर रितेश देशमुख खलनायक की भूमिका निभाते नजर आएंगे। राजकुमार गुप्ता निर्देशित और भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित, 'रेड 2' में रितेश देशमुख निगेटिव किरदार में होंगे। रितेश देशमुख पहली बार सिल्वर स्क्रीन पर अजय के खिलाफ होंगे। फिल्म की शूटिंग पिछले हफ्ते मुंबई में शुरू हुई और इसे मुंबई, दिल्ली, उप्र और राजस्थान में बड़े पैमाने पर फिल्माया जाएगा। 'रेड 2' का निर्माण भूषण कुमार , कुमार मंगत , अभिषेक और कृष्ण कुमार ने किया है।

## लाइफ Style

# उर्वशी झूमते हुए गिरी, हुईं ट्रोल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्वशी रौतेला बॉलीवुड की इकलौती ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो अपने काम से कम और ऊटपटांग वजहों से ज्यादा सुर्खियां बटोरती हैं। कभी अपनी बॉयफ्रेंड की वजह से तो कभी अपने सेल्फ लव को लेकर वो लोगों का ध्यान खींच लेती हैं।

पूरा देश अब उन्हें अटेंशन सीकर बुलाने लगा है। दरअसल, उर्वशी रौतेला कई बार ऐसी हरकतें कर चुकी हैं कि अब वो अक्सर ट्रोलर्स के निशाने पर बनी रहती हैं। ऐसे में अब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसके बाद वो अब बुरी तरह से ट्रोल हो रही हैं। इस वीडियो को देखने के बाद यूजर्स ने एक्ट्रेस पर नशे में होने का आरोप लगा दिया है। इतना ही नहीं उर्वशी के साथ-साथ उनके माता-पिता भी सोशल मीडिया पर लोगों के गुस्से का शिकार हो गए हैं। ये वीडियो एक पार्टी का है लेकिन इसमें ऐसा क्या है, जिसके वायरल होने के बाद उर्वशी रौतेला अब इतनी चर्चा में आ गई हैं चलिए जानते हैं। इस वीडियो को देखकर आप भी हैरान रह जाएंगे। दरअसल, इसमें एक्ट्रेस बुरी तरह से लड़खड़ाती हुई नजर आ रही हैं। उन्हें देखकर ऐसा लग रहा है जैसे उन्होंने काफी पी रखी है। अपनी मम्मी के बर्थडे पर वो याच में पार्टी कर रही हैं। उनके पापा भी साथ में झूम रहे हैं। अचानक ही उर्वशी डांस करते-करते गिर जाती हैं फिर उनसे उठा नहीं जाता। उर्वशी की मां उन्हें उठाने की कोशिश करती हैं। हालांकि, कुछ वक्त लेने के बाद वो खुद से उठती हैं और फिर से झूमने लगती हैं।



## हॉलीवुड मसाला




# इंस्टाग्राम पर वापस लौटीं...

**लॉस एंजेलिस।** सेलेना गोमेज सोशल मीडिया पर वापस आ गई हैं। सिंगर और एक्ट्रेस द्वारा कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक लेने की योजना की घोषणा करने के एक दिन बाद, उन्होंने शेफ गॉर्डन रामसे के साथ एक कोलेबोरेटिव कूकिंग वीडियो को बढ़ावा देने के लिए इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। रिपोर्ट के अनुसार, गोमेज ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर क्लिप के साथ लिखा, गॉर्डन रामसे ने मेरी रसोई में कदम रखा और मुझे बताया कि एक अद्भुत नाश्ता बर्गर कैसे बनाया जाता है।




# निकोल ने अवॉर्ड शो में किया अकेला महसूस...

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस निकोल किडमैन ने 2002 में ऑस्कर जीतने वाली रात अपने होटल के कमरे में अकेले खाना खाया था। उन्होंने सफल करियर के बावजूद अपने पर्सनल लाइफ में होने वाले 'स्ट्रगल' को याद किया। निकोल ने 2002 में ड्रामा फिल्म 'द आवर्स' में अपनी भूमिका के लिए ऑस्कर जीता था। उस वक्त वह टॉम क्रूज से तलाक लिए जाने को लेकर सुर्खियों में थी। एक्ट्रेस ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए बताया कि उस वक्त उन्होंने अवॉर्ड शो के बाद बहुत अकेला महसूस किया और अपने होटल वापस जाने का विकल्प चुना था। डेव कार्गर की आने वाली किताब '50 ऑस्कर नाइट्स' के एक अंश में उन्होंने कहा, मैं अपनी पर्सनल लाइफ में काफी चीजों से जूझ रही थे।



# कंगना ने खोला मिस्ट्री मैन का राज...

**मुंबई।** अभिनेत्री कंगना रनौत अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ की वजह से अक्सर ही सुर्खियों में छाई रहती हैं। हाल ही में मुंबई के सैलून के बाहर एक्ट्रेस को मिस्ट्री मैन के साथ स्पॉट किया गया था। उसके बाद से ऐसी अफवाहें उड़ रही थी कि कंगना की लाइफ में नए प्यार की एंट्री हो गई है। अब क्वीन एक्ट्रेस ने बेबाक होकर सच बताया है। कंगना ने मिस्ट्री मैन की सच्चाई बताते हुए अपनी डेटिंग रूमर्स पर फुल स्टॉप लगा दिया है। एक्ट्रेस ने कहा कि वो साथ में काम करने वाले भाई-बहन, वर्क फ्रेंड्स और कभी-कभी सालों से फ्रेंडली क्लाइंट के साथ एक बेहतरीन हेयर स्टाइलिस्ट भी हो सकते हैं। इसके साथ ही क्लीयर हो गया है कि कंगना के साथ दिखाई देने वाला मिस्ट्री मैन कोई और नहीं बल्कि अदाकारा का हेयर स्टाइलिस्ट हैं।



# वरुण करेंगे एटली की फिल्म में काम

**मुंबई।** जवान के डायरेक्टर एटली अगली फिल्म वरुण धवन के साथ करेंगे। मकर संक्रांति और पोंगल के मौके पर उन्होंने इसे कंफर्म किया है। हालांकि वह फिल्म को डायरेक्टर नहीं करेंगे बल्कि वह अपनी नई फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे। शूटिंग के लिए हाल ही में पूजा हुई। मुहूर्त शॉट भी इसी दिन किया गया। एटली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया गया, जिसमें पूजा और मुहूर्त शॉट की एक झलक दिखाई गई। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वामिका गब्बी मुख्य भूमिका निभाएंगी। एटली ने वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, कृपया इस प्रोजेक्ट को अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं दें। यह हमारे दिल के बहुत करीब है। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'टाइटल का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।'

# सान्या के लोहड़ी सेलिब्रेशन में जबर्दस्त डांस से फैंस हैरान...

**मुंबई।** एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा के घर लोहड़ी की धूम देखने को मिली। खुशी के पल को साझा करने के लिए अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो और फोटोज शेयर किए हैं। इस मौके पर एक्ट्रेस ने जलती लोहड़ी के सामने जमकर भांगड़ा किया। लुक की बात करे तो उन्होंने ब्लू कलर का सलवार-सूट पहना था। अभिनेत्री ने अपने बाला का जूड़े बनाया हुआ था। इतना ही नहीं उन्होंने हाथों में मैचिंग चूड़ियां भी पहनी हुई थीं। आखिरी वीडियो में वह अपने फिटनेस ट्रेनर के साथ भांगड़ा करती नजर आईं। उनके जबर्दस्त डॉस को देखकर फैंस हैरान है और कमेंट कर रहे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो सान्या सैम बहादुर में विक्की कौशल की पत्नी सिलू मानेकशॉ का रोल निभाती नजर आ रही थी, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं।



# इंटीमेट सीन की हो ठोस वजह : कोंकणा



**मुंबई।** एनिमल को लेकर लोग अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। फिल्म में कई सीन को महिला विरोधी बताया गया। अब इस पर कोंकणा सेन ने अपनी राय दी है। कोंकणा ने कहा कि उन्हें स्क्रीन पर हिंसा दिखाने पर कोई दिक्कत नहीं है लेकिन इसके पीछे कोई ठोस वजह होनी चाहिए। यही बात इंटीमेट सीन पर भी लागू होती है। उन्होंने कहा, फिल्म में इसके होने का कोई कारण होना चाहिए। चाहे वह किरदारों से जुड़ा हो या किसी प्लॉट से जुड़ा हो। केवल एक बात है कि इस तरह का सीन क्यों है? डायरेक्टर की मंशा क्या है?

कोंकणा आगे कहती हैं, जहां तक मैं समझती हूं मुझसे गलती हो सकती है। मैंने एनिमल नहीं देखी है क्योंकि मुझे नहीं लगता है कि यह मेरी तरह की फिल्म है। रिव्यूज और अन्य चीजों से भी इसे देखने की मेरी इच्छा नहीं हुई। कोंकणा ने बताया कि डायरेक्टर के पहले के काम के बारे में उन्हें पता है और उन्होंने रिलेशनशिप में हिंसा दिखाने को लेकर अपना बचाव किया है लेकिन कोंकणा इसका सपोर्ट नहीं करतीं। उन्होंने आगे कहा, मुझे नहीं लगता है मैं किसी भी तरह से उनकी टारगेट ऑडियंस हूं। लाखों लोग इसे देख रहे हैं इसलिए यह बहुत अच्छा चल रहा है और उन्हें मेरी जरूरत नहीं है।

# 'मैरी क्रिसमस' ने पकड़ी रफ्तार, दोगुना कलेक्शन...



**मुंबई।** 12 जनवरी को कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की 'मैरी क्रिसमस' ने सिनेमाघर में एंट्री मारी है। फिल्म की कहानी में दम है, लेकिन फिर भी ओपनिंग डे पर मूवी कुछ कमाल न कर सकी। फिल्म के दूसरे दिन के कलेक्शन में उछाल आया है। बल्कि पहले दिन के कलेक्शन से डबल कमाई हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरी क्रिसमस ने 3.50 करोड़ का कलेक्शन किया है। ऐसे में कूल कलेक्शन 6.05 करोड़ हो गया है। बात फिल्म की कहानी की करें तो कैटरीना ने मारिया को किरदार निभाया है। वहीं विजय सेतुपति ने अलबर्ट का रोल अदा किया है। दोनों की मैरिड लाइफ में पंगे हैं। जहां मारिया का पति उसे धोखा दे रहा होता है और एक दिन आत्महत्या कर लेता है। वहीं अलबर्ट ने भी अपनी पत्नी की हत्या कर दी होती है और 7 साल की जेल सी सजा काटकर आया होता है।

# 1933 ने देविका रानी पर फिल्माया था बॉलीवुड का पहला लंबा किसिंग सीन...

**मुंबई।** आज के समय में फिल्में हों या वेब सीरीज अभिनेत्रियां इंटीमेट सीन और लिपलॉक देने से कतराती नहीं हैं। कम ही ऐसी फिल्में होती हैं, जिनमें किसिंग सीन न फिल्माया गया हो। देखा जाए तो ये पब्लिक की डिमांड भी है, तभी तो इन सींस का बोलबाला है। दीपिका पादुकोण हो या फिर आलिया भट्ट या बात हो मल्लिका शेरावत की सभी ने किसिंग सीन दे बड़े पर्दे पर आग ही लगा दी थी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड का पहला और सबसे लंबा किसिंग सीन किसने दिया था। हालांकि इस सीन पर बाद में विवाद भी हुआ था।

### कब फिल्माया गया ये किसिंग सीन

फिल्मों में अक्सर किसिंग सीन आते रहते हैं, जो अब आम हो गए हैं। लेकिन अगर हम बात साल 1933 की फिल्म की करें जिसमें लिप लॉक किया गया था, तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि क्या हुआ होगा। बड़े पर्दे पर पहला और सबसे लंबा किसिंग सीन फिल्म कर्मा में फिल्माया गया था। ये मूवी साल 1933 में रिलीज हुई थी। किसिंग सीन



देने वाली एक्ट्रेस और कोई नहीं बल्कि 'देविका रानी' थी। हालांकि उन्हें इस सीन को करने में कोई दिक्कत नहीं हुई क्योंकि एक्ट्रेस ने अपने पति हिमांशु राय के अपोजिट ही इस इंटीमेट सीन को किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ये सीन 4 मिनट लंबा था, जिसने गदर मचा दिया था। हालांकि उस दौर में बोल्डनेस इतनी ज्यादा दिखाई नहीं देती थी। लेकिन देविका रानी ने अपनी अपार बोल्डनेस से तहलका मचा दिया था।

न सिर्फ किसिंग सीन बल्कि सिगरेट और शराब पीने में भी वो आगे थीं। एक्ट्रेस के गर्म मिजाज की वजह से उन्हें ड्रैगन लेडी का नाम भी दिया गया।



# एयरलाइन कंपनी पर लगाया टॉर्चर का आरोप

**मुंबई।** इश्कबाज फेम एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर एक एयरलाइन कंपनी पर गुस्सा निकाला है। हाल ही में, सुरभि को अपनी मां के लिए फ्लाइट के जरिए कुछ सामान भेजना था, लेकिन फ्लाइट डिले और स्टाफ के झूठे वादों से एक्ट्रेस इतना तंग आ गईं कि उन्होंने उस एयरलाइन कंपनी को सबसे बेकार बता दिया। यही नहीं, सुरभि ने कंपनी पर मेंटल टॉर्चर का आरोप लगाया। उनका कहना है कि स्टाफ ने उनके साथ बद्तमीजी की और जानकारी देने की बजाय झूठे वादे किए।

